Regarding Rail conncectivity from Gumla, Jharkhand to Korba, Chhatisgarh

श्री सुखदेव भगत (लोहरदगा) **:** धन्यवाद सभापति महोदया । मैं आपके माध्यम से झारखंड के गुमला जिले में नये रेलवे कनेक्टिविटी की मांग करना चाहता हूं । गुमला जिला मेरे पार्लियामेंटरी कांस्टिट्यूएंसी लोहरदगा से 75 किलोमीटर दूर है और वहां धार्मिक रूप से अलग-अलग धर्मों की बहुत मान्यता है तथा वह हनुमान जी की जन्मस्थली अंजनधाम मानी जाती है । वहां महादेव जी की टांगीनाथधाम और सिरासिता नाला धार्मिक स्थल भी है । साथ ही साथ पूरे पूर्वोत्तर भारत के परमवीर चक्र विजेता लांस नायक एल्बर्ट एक्का की जन्मस्थली है, लेकिन आज भी उस जिले में रेलवे कनेक्टिविटी नहीं है ।

मैं आपके माध्यम से अनुरोध करता हूं कि लोहरदगा जहां से गुमला 75 किलोमीटर दूर है, वहां रेलवे लाइन है, उसको गुमला होते हुए कोरबा-छत्तीसगढ़ तक, जिसका सर्वे भी हो चुका है, मैं माननीया वित्त मंत्री जी और माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वहां इसी वित्तीय वर्ष में नई रेलवे लाइन दी जाए । धन्यवाद ।